# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियांवयन की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम श्योपुर श्री मीणा ने कहा कि स्वच्छता के लिए सभी की भागीदारी के साथ ही लोगों में व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में उल्लेखित नियमानुसार सभी बिन्दुओं पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायें।

## स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन जरूरी : एसडीएम

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान डूडा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, डिप्टी कलेक्टर पवन घुरैया, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल अभिषेक त्रिवेदी, सीएमओ नरेन्द्र जाटव, एसबीएम प्रभारी जीएस डोगरे, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। एसडीएम श्री मीणा ने निर्देश दिये कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में वार्ड श्रमिको को सक्रिय किया जायें तथा ग्रामीण क्षेत्र में भी नियमो के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि कचरा वाहनों से नियमित रूप से कचरा संग्रहित किया जायें तथा लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कम्पार्टमेंट में डालने के लिए जागरूक किया जायें। शहर में जनभागीदारी के माध्यम से मुख्य स्थानों पर कचरा संग्रहण के लिए डस्टबीन रखे जाने का सुझाव भी दिया गया तथा वाईनरी दृष्टिकोण के साथ 4 वर्गो में कचरा अलग-अलग गीला, सूखा, सेनेट्री एवं विशेष देखभाल की श्रेणी में पृथक-पृथक संग्रहित किया जायें। इसके साथ ही नगरपालिका द्वारा टंचिंग ग्राउंड में कचरा सेग्रीगेशन किया जायें, इसके साथ ही एमआरएफ की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

बैठक में नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में टीपर वाहनों से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तथा श्योपुर शहर में प्रतिदिन 27 टन कचरा एकत्रित किया जा रहा है। जानकारी दी गई कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत श्योपुर में शासकीय तथा निजी क्षेत्र के 12 ऐसे स्थान चिन्हित किये गये है, जहां बल्क बेस्टेज जनरेटर लगाये जायेगे, जिसके माध्यम से इन संस्थानो में निकलने वाले कचरे का निस्पादन वही किया जा सके। बडौदा में भी 5 स्थान चिन्हित किये गये है। एसडीएम श्री मीणा द्वारा बैठक के दौरान डाग बाइट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि श्योपुर में एनीमल वर्क कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जायें तथा आवारा श्वान का सर्वे सुनिश्चित किया जायें और उनका नसबंदीकरण एवं रेबीज वैक्सीनेशन किया जायें, इसके साथ ही पालतू श्वानो का पंजीयन भी किया जायें। घुमंतु मवेशियों के प्रबंधन के संबंध में भी निर्देश प्रदान किये गये।

### रि-साइकिलिंग प्लांट के लिए 40 प्रतिशत अनुदान

बैठक में सहायक संचालक एमएसएमई शुभम अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि सर्कुलर इकोनॉमी अंतर्गत कचरा निस्पादन के लिए रि-साइकिलिंग प्लांट लगाने वाले उद्यमियों को एमएसएमई प्रोत्साहन अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत कचरा संग्रहण के बाद कचरे का पृथकीकरण कर रि-साइकिलिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने के लिए अनुदान दिया जाता है।



# दस्तक अभियान के तहत हीरापुर में जिंक-ओआरएस कॉर्नर का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में संचालित दस्तक अभियान के तहत ब्लॉक विजयपुर के ग्राम हीरापुर में बीईई साहिब कुरैशी द्वारा जिंक-ओआरएस कॉर्नर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री कुरैशी ने क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिंक-ओआरएस कॉर्नर पर ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि गृह भ्रमण के दौरान माताओं को ओआरएस घोल तैयार करने की सही विधि का प्रदर्शन करें तथा दस्त से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि दस्त से प्रभावित बच्चों को आयु के अनुसार 14 दिनों तक जिंक की पूरी खुराक दी जाए, जिससे दस्त की अवधि कम होने के साथ भविष्य में संक्रमण की संभावना भी घटती है। श्री कुरैशी ने कहा कि दस्तक अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखना है। उन्होंने मैदानी अमले से प्रत्येक लक्षित परिवार तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सतेंद्र मीणा, एएनएम श्रीमती ज्योति मालवीय, आशा सुपरवाइजर श्रीमती चंद्रकला रावत तथा स्थानीय आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।




# नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम मेहरवानी एवं रानीपुरा में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्था जय मारूती नशा मुक्ति केन्द्र, श्योपुर के विशेषज्ञ अनिल कुमार, जाकिर खान, इरफान खान, यास्मीन एवं प्रवीन प्रजापति ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने नशामुक्त श्योपुर-नशामुक्त भारत का संकल्प लेते हुए स्वयं नशा नहीं करने तथा नशामुक्ति अभियान का संदेश घर-घर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## 18 .40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर, 22 जुलाई।** श्योपुर जिले में 22 जुलाई को 18.40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 22 जुलाई को श्योपुर में 50, बडौदा में 06, कराहल में 06 एवं वीरपुर में 30 मिली मीटर एवं विजयपुर में शून्य मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 205.32 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

गत वर्ष इस अवधि तक 770.58 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की समीक्षा

## निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालन यंत्री अफ्जल अमानुल्ला ने की। बैठक में सहायक यंत्री, समस्त उपयंत्री, जिला सलाहकार एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं, ठेकेदारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में ग्रामवार निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए ओवरहेड टैंक निर्माण, पाइपलाइन बिछाने, विद्युत कार्य, गृह नल कनेक्शन एवं अन्य कार्यों की प्रगति का परीक्षण किया गया। जिन ग्रामों में कार्य लंबित हैं अथवा अपेक्षित गति से प्रगति नहीं हो रही है, वहां आ रही समस्याओं एवं बाधाओं पर चर्चा कर उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

कार्यपालन यंत्री अफ्जल अमानुल्ला ने सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। साथ ही रिपोर्टिंग एवं सर्टिफिक्रेशन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में रिपोर्टिंग अथवा सर्टिफिक्रेशन से संबंधित कोई समस्या है, उसकी जानकारी तत्काल विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर अवगत कराया जा सके।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ दस्तावेजी प्रक्रिया एवं प्रगति प्रतिवेदनों को नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए, जिससे जल जीवन मिशन के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होकर ग्रामीणों को शीघ्र सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# सांदीपनि विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन सेमीनार का आयोजन





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर अजीत सिंह (पी.जी. कॉलेज, श्योपुर) ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों, रोजगार की संभावनाओं तथा अपने लक्ष्य के अनुरूप सही कैरियर चयन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सेमिनार में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपने कैरियर संबंधी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, कृष्ण मुरारी सैनी, ब्रह्मानंद चौधरी, डॉ. सुनील, बनवारी लाल तथा शुभम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने और उनके भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शामावि में वृक्षारोपण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जन शिक्षण संस्थान श्योपुर द्वारा 16 से 31 जुलाई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय बायपास रोड श्योपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में अशोक, सहजन, आम एवं नीम के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक महावीर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष मानव जीवन के लिए फल, छाया, लकड़ी एवं अन्य उपयोगी संसाधनों का प्रमुख स्रोत हैं।

जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अजय सक्सैना ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में श्री मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किए जाते हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके वृक्ष बनने तक उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गिरधर गर्ग, दिनेश कुमार गौतम, जन शिक्षण संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हीरापुर में मलेरिया मास सर्वेलेन्स शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में विकासखंड विजयपुर के ग्राम हीरापुर में वृहद स्तरीय मलेरिया मास सर्वेलेन्स शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 103 लोगों की किट द्वारा मलेरिया की जाँच एवं बीमारियों का उपचार किया गया।



शिविर के दौरान एमटीएस साहिब कुरैशी, सीएचओ सतेंद्र मीणा, एएनएम श्रीमती ज्योति मालवीय सहित आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्त्ता उपस्थित रही। उपचार के अतिरिक्त उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया नियंत्रण कि विस्तार से समझाइश दी गई, मलेरिया बीमारी के लक्षण, जाँच एवं उपचार कि जानकारी दी गई। मलेरिया बुखार एनाफ्लीज मच्छर के काटने से होता है ये मच्छर साफ पानी में पनपते है इसलिए अपने घर एवं आस पास अनावश्यक पानी इकट्ठा ना होने दें, टंकी और कूलर हर सप्ताह साफकरें, सोते समय मछरदानी का उपयोग करें, नीम की पत्ती का धुंआ करें, बुखार आते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया की जाँच करावे।

## नवागत एसपी ने संभाला पदभार

**श्योपुर, 22 जुलाई।** राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी किये गये स्थानांतरण आदेश के क्रम में श्योपुर के नवागत पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने आज श्योपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 2018 बैच के अधिकारी मोती उर रहमान इसके पूर्व रीवा जिले में सेनानी 9वी वाहिनी बि.स.बल के रूप में पदस्थ थे।



# झूमा-झटकी के बीच पीएम का पुतला फूंका

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 22 जुलाई.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस के नेतृत्व में शहर के कोतवाली चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. प्रदर्शन को देखते हुए चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात था. इस दौरान पुलिस ने कांग्रेसियों के हाथ से पुतला छीनने का भी प्रयास किया. झूमाझटकी के बीच आखिरकार कांग्रेस ने पुतला दहन कर ही दिया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी.

# अच्छी बारिश की कामना को लेकर की दंडवत यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 22 जुलाई.** क्षेत्र में अच्छी वर्षा और किसानों की समृद्धि की कामना को लेकर समाजसेवी आशीष गहलोत ने बुधवार को सीवन नदी तट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से प्राचीन गणेश मंदिर तक तीन किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा की. उन्होंने यह कठिन और श्रद्धापूर्ण यात्रा लगभग तीन घंटे में पूरी की. इस मौके पर संत माधवदास महाराज ने यात्रा का शुभारंभ किया.

दंडवत यात्रा के दौरान करणी सेना परिवार की ओर से ईश्वर सिंह चौहान, अजीत सौलंकी, पवन राठौर, राजू बोयत, पंडित अरुण पांडे, पंडित कुणाल व्यास, विशाल परदेशी, पवन केवट, अजय रेकवार, विनित गोयल, राकेश वर्मा, प्रकाश नागर, सेवा यादव, सुनील, अंकित विश्वकर्मा, राहुल, कीटू जाधवानी, आयुष गुप्ता, अंकित परमार, मुकेश गाड़ोदिया, प्रकाश नगर, राकेश वर्मा, अभिजीत सोलकी आदि शामिल थे. नपा परिषद के सामने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने श्री गहलोत का स्वागत किया. श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर, बड़ा बाजार, शुगर फैक्ट्री चौराहा पर स्वागत किया गया. यात्रा प्रारंभ होने से पहले सीवन नदी तट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर के पुजारियों व संतों ने गहलोत को आशीर्वाद प्रदान किया.

# मुख्यमंत्री दिव्यांग योजना के ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजना के क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर नई ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि जिले में अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं 31 अगस्त 2026 तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही ऑफ्लाइन आवेदन संबंधित संस्था प्रमुख के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्योपुर कार्यालय में जमा करना होगा।

योजना के अंतर्गत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित तथा मंदबुद्धि श्रेणी के विद्यार्थियों को निर्धारित पात्रता के अनुसार लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं मंदबुद्धि विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर कक्षा 10वीं में प्रथम प्रवेश अथवा आईटीआई में प्रवेश लेने पर लैपटॉप दिए जाने का प्रावधान है। वहीं अस्थिबाधित विद्यार्थियों के लिए 9वीं कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त होना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त ऐसे अस्थिबाधित विद्यार्थी, जिनके शरीर का निचला भाग प्रभावित होने के कारण चलने में असमर्थता हो तथा जिनकी दिव्यांगता 60 प्रतिशत या उससे अधिक हो, उन्हें कक्षा 10वीं में प्रथम प्रवेश अथवा स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने पर मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की जाएगी।

जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं के आवेदन निर्धारित समय सीमा में कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकें।